
देहरादून,पौड़ी-गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित | www.page3news.in | नगर संस्करण वर्ष 15 अंक: 41 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

विचार-प्रवाह...धर्म की कट्टरता




# पेज थ्री

देहरादून, शुक्रवार, 8 मई 2020






PAGE 3 PUBLICATION

मौसम अधिकतम 32.0° न्यूनतम 19.0°

31443.38

2 वुहान की लैब से पैदा हुआ कोरोना

7 भारत में महिला ऐथलीट होना मुश्किल

## संक्षिप्त समाचार

### आतंकी कमांडरों का करेंगे खात्मा, ये कोई रैंबो नहीं हैं

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारतीय सुरक्षाबलों ने जम्मू कश्मीर में सफल ऑपरेशन को अंजाम दिया। सेना के इस ऑपरेशन में आतंक का पर्याय बन चुका हिजबुल मुजाहिद्दीन का टॉप कमांडर रियाज नायकू ढेर कर दिया गया। चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) बिपिन रावत ने कहा कि सुरक्षाबलों की प्राथमिकता है कि वो इन आतंकियों के शीर्ष नेतृत्व को खत्म करे। ताकि इनको देखकर और इनकी रैंबो वाली छवि से दूसरे लोग आतंक का रास्ता न अपनाएं।

### एक और गैस लीक, अब छत्तीसगढ़ में पेपर मिल के 7 मजदूर अस्पताल में भर्ती, 3 गंभीर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

रायगढ़। वैश्विक महामारी कोरोना वायरस का सामना कर रहे भारतीयों के लिए गुरुवार का दिन अच्छा नहीं रहा। कोरोना के बढ़ते मामलों के बीच देशवासियों को गैस त्रासदी जैसी विपदा का भी सामना करना पड़ा। सुबह विशाखापत्तनम के पॉलिमर फैक्ट्री में गैसे लीक के चलते 10 लोगों की मौत और हजारों के बीमार होने के ठीक बाद गैस लीक के एक और हादसे की खबर आई है।

### शवों के बीच चल रहा कोरोना मरीजों का इलाज

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

मुंबई। पूरे देश में कोरोना वायरस के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। महाराष्ट्र राज्य संक्रमित मामलों में सबसे ऊपर है। राज्य के सर्वाधिक कोरोना पॉजिटिव मरीज मुंबई में हैं। मुंबई की भयावह स्थिति के बावजूद यहां लापरवाही कम होने का नाम नहीं ले रही है। मुंबई के सायन अस्पताल का एक हैरान करने वाला वीडियो वायरल हो रहा है। वीडियो में दिख रहा है कि वॉर्ड में मरीजों के बीच शव रखे गए हैं। देश के मुकाबले महाराष्ट्र में अकेले अब तक 17 हजार के करीब कोरोना मामले आ चुके हैं और 651 लोगों की मौत हुई है।

# गैस रिसाव में 11 की मौत

घटना एलजी पॉलिमर प्लांट में हुई, 5000 से अधिक लोग बीमार

## आंध्र प्रदेश के विशाखापत्तनम में गैस लीक

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

विशाखापट्टनम। आंध्र प्रदेश के विशाखापट्टनम स्थित एक प्लांट में अचानक स्टाइरीन गैस लीक होने से बड़ा हादसा हो गया। एनडीआरएफ ने विशाखापट्टनम गैस रिसाव के चलते अब तक 11 लोगों की मौत की पुष्टि की है। मरने वालों में 8 साल की बच्ची भी शामिल है। इसके अलावा 5000 से अधिक लोग बीमार हो गए हैं जिन्हें अस्पताल ले जाया गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने घटना को लेकर राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में गृहमंत्री अमित शाह और रक्षामंत्री राजनाथ सिंह भी शामिल रहे।



विशाखापट्टनम में हुए गैस कांड के बाद आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री वाईएस जगनमोहन रेड्डी ने ऐलान किया है कि प्रत्येक मृतक के परिवार को 1 करोड़ रुपये की अनुग्रह राशि और जो लोग वेंटिलेटर पर हैं उनके परिवारवालों को 10 लाख रुपये की मदद दी जाएगी।

**निष्क्रिय कर दी गई है गैस**

आंध्र प्रदेश डीजीपी दामोदर गौतम सवांग ने बताया, फिलहाल गैस को बेअसर कर दिया गया है। करीब 800 लोग अस्पताल में भर्ती हैं जबकि कई डिस्चार्ज किए जा चुके हैं। गैस कैसे लीक हुई इसकी जांच की जाएगी। घटना विशाखापट्टनम के आरआर वेंकटपुरम गांव स्थित एलजी पॉलिमर इंडस्ट्री की है।

**20 वेंटिलेटर पर, 246 का हो रहा इलाज:** डीजीपी ने बताया कि मुख्यमंत्री वाईएस जगन मोहन रेड्डी ने हालात का जायजा लेने के लिए एक उच्च स्तरीय बैठक की थी और मामले की जांच के आदेश दिए हैं। विशाखापट्टनम के किंग जॉर्ज अस्पताल में कम से कम 246 लोगों का इलाज चल रहा है और उनमें से 20 वेंटिलेटर पर हैं।

### लोगों की कुशलक्षेम की प्रार्थना करता हूं: पीएम

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हालात का जायजा लिया और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने घटना पर चिंता व्यक्त की। प्रधानमंत्री ने एक ट्वीट में कहा कि उन्होंने गृह मंत्रालय और एनडीएमए के अधिकारियों से स्थिति के संबंध में बात की है जो हालात पर करीबी नजर रखे हुए हैं । उन्होंने कहा, 'मैं सभी की सुरक्षा और विशाखापत्तनम के लोगों की कुशलक्षेम की प्रार्थना करता हूं।'

### मंत्री बोले- दोषी कंपनी आगे आकर चीजों को स्पष्ट करें

आंध्र प्रदेश के मंत्री एमजी रेड्डी ने कहा, श्फैक्ट्री में गैस रिसाव की सूचना मिलते ही लॉकडाउन प्रक्रिया तुरंत शुरू की गई थी। स्थानीय प्रशासन को सूचित किया गया था। गैस को हानिरहित लिक्विड फॉर्म में बदलकर बेअसर किया गया लेकिन, तब तक थोड़ी गैस फैक्ट्री परिसर और आस–पास के क्षेत्रों में फैल चुकी थी। उन्होंने आगे कहा, इसे मैनेज करने वाली कंपनी हादसे के लिए जिम्मेदार है। उन्हें आगे आकर हमें बताना होगा कि किन प्रोटोकॉल का पालन हुआ और किसका नहीं। इसके बाद उनके खिलाफ आपराधिक कार्रवाई की जाएगी। भारतीय सेना की टीम 50 ब्रीदिंग सेट और पोर्टेबल एयर कंप्रेसर वाली 2 ऐंबुलेंस के साथ एसडीआरएफ टीम की मदद करने के लिए पहुंची है।

# भारत ने पाक को समझा दिया पाओके के मौसम का हाल

## कैंट थाने में चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**संवाददाता**

नई दिल्ली। भारत ने पाकिस्तान को साफ–साफ समझा दिया है कि गिलगित बाल्टिस्तान उसका अभिन्न अंग है। भारतीय मौसम विभाग ने जम्मू–कश्मीर सब–डिविजन को अब जम्मू और कश्मीर, लद्दाख, गिलगित–बाल्टिस्तान और मुजफ्फराबाद कहना शुरू कर दिया है।

गिलगित बाल्टिस्तान और मुजफ्फराबाद, दोनों पर पाक ने अवैध रूप से कब्जा कर रखा है। मंगलवार को आईएमडी ने नॉर्थवेस्ट इंडिया के लिए जो अनुमान जारी किए, उसमें गिलगित बाल्टिस्तान और मुजफ्फराबाद को भी शामिल किया गया है।

**क्यों अहम है आईएमडी का ये कदम?:** आईएमडी की ओर से अपने बुलेटिन में गिलगित बाल्टिस्तान और मुजफ्फराबाद को जगह देना बड़ा अहम है। आईएमडी के डायरेक्टर–जनरल मृत्युंजय महापात्रा ने कहा कि आईएमडी पूरे जम्मू–कश्मीर और लद्दाख के लिए वेदर बुलेटिन जारी करता रहा है। हम बुलेटिन में गिलगित बाल्टिस्तान, मुजफ्फराबाद का जिक्र इसलिए कर रहे हैं क्योंकि वह भारत का हिस्सा है। इसी महीने की शुरुआत में भारत ने साफ कहा था कि पाकिस्तान का इन इलाकों पर कोई हक नहीं है। दरअसल वहां की सुप्रीम कोर्ट ने पाकिस्तान सरकार को गिलगित बाल्टिस्ध्तान में चुनाव कराने के आदेश दिए थे।

### भारत ने दिया कानून का हवाला

पाकिस्तान से भारत ने कहा था कि संसद से 1994 में पास एक प्रस्ताव में जम्मू–कश्मीर पर स्थिति साफ है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि पाकिस्तान के हालिया कदम केंद्र शासित प्रदेश जम्मू–कश्मीर और लद्दाख के कुछ हिस्सों पर उसके अवैध कब्जे को छुपा नहीं सकते हैं और न ही इस पर पर्दा डाल सकते हैं कि पिछले सात दशकों से इन क्षेत्रों में रहने वाले लोगों के मानवाधिकारों का उल्लंघन किया गया, शोषण किया गया और उन्हें स्वतंत्रता से वंचितश रखा गया।

### कोरोना केस 52 हजार पार, 1,783 मौते

नई दिल्ली। देश में पिछले 24 घंटे में कोरोना वायरस संक्रमण के कारण 89 लोगों की मौत हो जाने के बाद इस बीमारी से मरने वालों की संख्या बढ़कर 1,783 हो गई है। इस दौरान 3,561 संक्रमण के नए मामले सामने आने के साथ ही संक्रमित हुए लोगों की संख्या बढ़कर 52,952 हो गई। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि संक्रमण से 15,266 मरीज ठीक हो गए हैं और एक रोगी देश से बाहर जा चुका है। कोविड–19 से संक्रमित 35,902 मरीजों का इलाज चल रहा है। स्वास्थ्य मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया, इस प्रकार, करीब 28.83 प्रतिशत मरीज अब तक ठीक हो चुके हैं। कुल मामलों में 111 विदेश नागरिक भी शामिल हैं। मंत्रालय ने बताया कि बुधवार सुबह से कुल 89 मरीजों की जान गई है । देश में कोविड–19 से हुई 1,783 मौतों में से सबसे ज्यादा 651 लोगों की जान महाराष्ट्र में गई है।

## चीन से 1000 कंपनियां भारत होंगी शिफ्ट?

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

■मोदी सरकार ने कसी कमर

नई दिल्ली। अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप द्वारा कोरोना महामारी के लिए चीन को जिम्मेदार ठहराए जाने के बाद मोदी सरकार ने अमेरिकी कंपनियों को भारत लाने की मुहिम तेज कर दी है। भारत की लिस्ट में अबॉट जैसी दवा क्षेत्र की दिग्गज कंपनी भी शामिल है। एक शीर्ष अधिकारी ने पहचान जाहिर न करने की शर्त पर बताया कि सरकार ने अप्रैल में अमेरिका में विदेशी मिशन के जरिए 1,000 से अधिक कंपनियों से संपर्क किया और भारत में मैन्युफैक्चरिंग यूनिट लगाने के लिए कई तरह के प्रोत्साहन ऑफर किए हैं। ब्लूमबर्ग की एक रिपोर्ट के मुताबिक उन्होंने कहा, भारत की प्राथमिकता मेडिकल इक्विपमेंट बनाने वाली कंपनियां, फूड प्रॉसेसिंग कंपनियां, टेक्सटाइल्स, लेदर तथा ऑटो पार्ट्स मेकर हैं। वैसे भारत लगभग 550 उत्पाद बनाने वाली कंपनियों को भारत में शिफ्ट करने के लिए बातचीत कर रहा है।

एक अधिकारी ने बताया कि भारत को उम्मीद है कि वह चीन से खासकर हेल्थकेयर प्रॉडक्ट्स एवं डिवाइसेज बनाने वाली अमेरिकी कंपनियों को भारत लाने में सफल होगा और वह इसके लिए मेडट्रॉनिक पीएलसी तथा अबॉट लेबोरेट्रीज को चीन से भारत लाने के लिए बातचीत कर रहा है।

## लॉकडाउन में छूट पर विशेषज्ञों की चेतावनी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

वाशिंगटन। यूरोप और अमेरिका में कोरोना वायरस को रोकने के लिए लगाए सख्ध्त लॉकडाउन में ढील दी जाने लगी है। इस बीच स्वास्थ्य विशेषज्ञ ने आशंका जताई है कि विश्वभर में मौत और संक्रमण का दूसरा दौर शुरू हो सकता है। इससे फिर सरकारों को देश को बंद करने के लिए मजबूर होना पड़ सकता है। विशेषज्ञों की यह चेतावनी ऐसे समय पर आई है जब कोरोना वायरस से मरने वालों की संख्या 2 लाख 65 हजार पहुंच गई है।

**दुनियाभर में शुरू हो सकता है कोरोना वायरस संक्रमण का दूसरा दौर**

कोलंबिया विश्वविद्यालय के संक्रमण और प्रतिरक्षा केंद्र के डॉ. इयान लिपकिन ने कहा, 'हम ढील देकर ऐसा जोखिम ले रहे हैं जो बर्दाश्त नहीं किया जा सकेगा।' जर्मनी ने संक्रमण के मामलों का दौर फिर से शुरू होने की स्थिति में योजनाएं बनानी शुरू कर दी हैं। इटली में विशेषज्ञों ने नए पीड़ितों और उनके संपर्क में आने वाले लोगों की पहचान करने के प्रयास तेज कर दिए हैं।


**Are you Planning to make a Website or already have ?**

*If yes, then we are here to serve you*

**What we do**

**Website Development**
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.

**Promotion & Branding**
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS

**Search Engine Optimisation**
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.

Contact:
**Gadoli Media Ventures**
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. | Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in